पत्र संख्या : 7ब/4701 यो०ज०सं०–10/2016 136
झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

**सुखदेव सिंह,**
प्रधान सचिव।

सेवा में,

**मुख्य अभियंता, देवघर/मेदिनीनगर/राँची/हजारीबाग,**
संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी;
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड।

**राँची, दिनांक :** 04-10-16

विषय :– मॉग संख्या–49–जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–4701–मध्यम सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय, उप–मुख्य शीर्ष–80–सामान्य, लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना, उप शीर्ष–46–सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण, 45–निर्माण कार्य, विपत्र कोड 49P470180789460545 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष **2016–17** में व्यय हेतु निधि का आवंटन।

महाशय,

वित्तीय वर्ष **2016–17** में व्यय हेतु बजट मुख्य शीर्ष **4701–मध्यम सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय** के अंतर्गत परिशिष्ट–1 में दर्शाये गये लघु शीर्ष/उप शीर्ष के अधीन अंकित कार्यालयों को आवंटन संसूचित किया जाता है :–

| **क्र०** | **मॉग संख्या/मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष** | **लघु शीर्ष/उप शीर्ष** | **विस्तृत शीर्ष/विपत्र कोड** | **आवंटित राशि (लाख रू० में)** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| 1. | 49–जल संसाधन विभाग/ 4701–मध्यम सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय/ 80–सामान्य | 789–अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना, उप शीर्ष –46–सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन | 05–निर्माण, 45–निर्माण कार्य, विपत्र कोड :– 49P470180789460543 | **56.04** |

**आवंटित राशि – ₹ छप्पन लाख चार हजार मात्र।**

---

2. आवंटित राशि वर्ष **2016–17** के बजट उपबंध राशि **रू० 500.00 लाख** (पाँच करोड) मात्र के अंतर्गत है।
3. आवंटित राशि के निकासी की प्रक्रिया एवं शर्तें वित्त विभागीय स्थायी अनुदेश का पत्रांक 2561 वि० (2) दिनांक 17.04.98, 1800 (वि०) दि० 15.07.2003, 1363 दि० 09.05.2016 तथा 2747(वि०), दिनांक–19.09.16 के आलोक में होगा।
4. आवंटित राशि का व्यय प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति एवं स्वीकृत कार्यक्रम के अनुरूप किया जायेगा।
5. संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता अपने परिक्षेत्राधीन कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा स्वयं करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय निर्धारित नियमों के अनुरूप हो।
6. राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र/चेक पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा इस प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि का उल्लेख करना होगा, जिसके आधार पर संबंधित विपत्र/चेक में निहित राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी विपत्र/चेक पर अंकित करना होगा कि विपत्र में निहित राशि बजट उपबंध तथा आवंटित राशि के अधीन है और राशि की निकासी के लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं सक्षम पदाधिकारी है। प्रत्येक विपत्र/चेक के साथ संबंधित आवंटन आदेश की अभिप्रमाणित प्रति निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी।
7. सरकारी नियम/अधिनियम यथा वन संरक्षण अधिनियम 1980 आदि का उल्लंघन नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाय।

(श्वेता कुमारी)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि०)

8. राशि की निकासी कर उसे चालू/बचत खाता में नहीं रखा जाय।

9. आवंटित राशि से दायित्व का भुगतान या अन्य मद में व्यय बिना अनुमति के नहीं किया जाय।

10. जिस शीर्ष के अंतर्गत उपर्युक्त राशि आवंटित की जा रही है, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उसी शीर्ष के अंतर्गत भारित करेंगें। प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पूर्णतः सुनिश्चित हो लेंगें कि इकाईवार व्यय की सीमा किसी भी परिस्थिति में संबंधित इकाई के अंतर्गत आवंटित राशि से अधिक नहीं हो, अन्यथा अधिकाई व्यय की पूरी जवाबदेही संबंधित पदाधिकारी पर होगी।

11. बिहार वित्तीय नियमावली (भाग–1) के नियम 473 एवं 475 में विहित निदेश/वित्तीय नियमावली बजट मैनुअल/सचिवालय अनुदेश तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में विहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा।

12. प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्षान्तर्गत हुए व्यय का सत्यापन नियमानुसार त्रैमासिक रूप से महालेखाकार रॉंची के साथ निश्चित रूप से कराते रहेंगे तथा व्यय प्रतिवेदन एवं सत्यापन विवरणी विभाग को समर्पित करेंगे।

13. विभिन्न इकाई मदों में आवंटित राशि से यदि राशि बच जाती है तो उसका **इकाईवार प्रत्यर्पण 31 जनवरी 2017 तक** निश्चित रूप से कर देंगे। साथ ही यदि किसी ईकाई में आवंटित राशि का तत्काल व्यय संभव न हो तो अतिरेक राशि का यथाशीघ्र प्रत्यार्पण कर दिया जाय। **राशि का प्रत्यार्पण, Online उप शीर्षवार किया जाय एवं पूर्ण प्रत्यार्पण प्रतिवेदन Hard Copy में Access No तथा Revoke No का भी आवश्यक रूप से उल्लेख करते हुए उपलब्ध कराया जाय।**

**नोट : आवंटित राशि को Online Allotment System द्वारा निर्गत किया जा चुका है जिसका Access no परिशिष्ट–1 के स्तंभ–11 में अंकित है। यह आवंटनादेश जल संसाधन विभाग के वेब साईट (http://www.wrdjharkhand.nic.in) पर भी उपलब्ध है।**

**अनुलग्नक–यथोक्त्।**

Sukhdev Singh 30/9

**(सुखदेव सिंह)**
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 136 रॉंची, दिनांक :– 04-10-16

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (लेखा एवं हक॰) झारखण्ड; पो॰ – **हिनू, रॉंची/कोषागार पदाधिकारी, राँची/डोरण्डा/देवघर/गोड्डा/मेदिनीनगर/बुण्डु/चक्रधरपुर/हजारीबाग/तुनघाट/बोकारो** सहित राज्य के सभी कोषागार एवं उपकोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु॰ :– यथोक्त**

Sukhdev Singh 3/9

**(सुखदेव सिंह)**
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 136 राँची, दिनांक :– 04-10-16

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, वित्त विभाग/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित उपायुक्त,/सचिव योजना एवं विकास विभाग/आंतरिक वित्तीय सलाहकार जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता (मो॰) राँची/अभियंता प्रमुख –I एवं II जल संसाधन विभाग /संयुक्त सचिव (अभि॰)/उप सचिव (अभि॰) जल संसाधन विभाग को पॉच प्रति/प्रशाखा–7 को दस अतिरिक्त प्रतियों में/सांख्यिकी पदाधिकारी जल संसाधन विभाग/ प्रधान सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची/वेब सूचना प्रबंधक, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु॰ :– यथोक्त**

| | | |
|---|---|---|
| (श्वेता कुमारी) | (मुक्ति साधन चौरसिया) | Sukhdev Singh 3/9 **(सुखदेव सिंह)** |
| सहायक अभियंता | उप सचिव (अभि॰) | **प्रधान सचिव** |

विभागीय पत्रांक......136     दिनांक ......04-10-16     का अनुलग्नक

मांग संख्या–49–जल संसाधन विभाग

मुख्य शीर्ष–4701–मध्यम सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय

उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य

लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना

उप शीर्ष–46–सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन।

विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण 45–निर्माण कार्य

विपत्र कोड– 49P470180789460545

वित्तीय वर्ष 2016–17 में बजट उपबंध रू. 500.00 लाख (पाँच करोड़) मात्र । (राशि लाख ₹ में)

| क्र॰ | प्रमंडल का नाम | मुख्य अभियंता | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति | | मार्च 2016 तक का व्यय | वित्तीय वर्ष 2016–17 में आवंटन | | | On-line Allotment Access No. | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रसंग | राशि | | पूर्व का आवंटन | वर्त्तमान आवंटन | कुल आवंटित राशि | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा शिविर महगामा (GDDIRR001) | देवघर | वृहत एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं के वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में वार्षिक रख–रखाव एवं नियोजित मौसमी मजदूरों के पारिश्रमिक के बकाया भुगतान हेतु। | 45/16–17 प्र.स्वी. दिनांक 19.09.2016 | 35.56 | 0.00 | 0.00 | 4.70 | 4.70 | **64007** | 2015–16 का बकाया |
| 2 | अग्रिम योजना प्रमंडल, पलामू (PLMIRR081) | मेदिनीनगर | | | | | 0.00 | 1.79 | 1.79 | **64008** | 2015–16 का बकाया |
| | | | | | | | 0.00 | 1.98 | 1.98 | | 2014–15 का बकाया |
| | **उपयोग** | | | | | | **0.00** | **3.77** | **3.77** | | |
| 3 | आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमंडल, मेदिनीनगर (PLMIRR007) | | | | | | 0.00 | 1.37 | 1.37 | **64010** | 2014–15 का बकाया |
| 4 | सिंचाई प्रमंडल, बुण्डु (RNCIRR011) | राँची | | | | | 0.00 | 10.31 | 10.31 | **64011** | 2015–16 का बकाया |
| 5 | जलपथ प्रमंडल, प्रमंडल सं॰–1, चक्रधरपुर (SGHIRR016) | | | | | | 0.00 | 5.19 | 5.19 | **64012** | 2014–15 का बकाया |
| 6 | जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग (HZBIRR008) | हजारीबाग | | | | | 0.00 | 10.22 | 10.22 | **64015** | 2015–16 का बकाया |
| | | हजारीबाग | वित्तीय वर्ष 2016–17 में जल संसाधन विभाग, झारखण्ड अंतर्गत सिंचाई दे रही वृहत एवं मध्यम संचाई योजनाओं के सामान्य सम्पोषण/अनुरक्षण कार्य हेतु। | 44/16–17प्र.स्वी., दिनांक–19.09.2016 | 283.81 | 0.000 | 0.00 | 11.82 | 11.82 | **64016** | प्रमंडल अंतर्गत 11 अदद सिंचाई योजना का वार्षिक सम्पोषण एवं नियोजित मौसमी मजदूरों के पारिश्रमिक का भुगतान |
| 7 | जलपथ प्रमंडल, बरही (HZBIRR017) | हजारीबाग | | | | 0.000 | 0.00 | 4.55 | 4.55 | **64017** | प्रमंडल अंतर्गत 4 अदद सिंचाई योजना का वार्षिक सम्पोषण एवं नियोजित मौसमी मजदूरों के पारिश्रमिक का भुगतान |
| 8 | तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट (BKRIRR002) | हजारीबाग | | | | 0.000 | 0.00 | 2.91 | 2.91 | **64019** | प्रमंडल अंतर्गत 3 अदद सिंचाई योजना का वार्षिक सम्पोषण एवं नियोजित मौसमी मजदूरों के पारिश्रमिक का भुगतान |
| 9 | सिंचाई प्रमंडल, देवघर (DGRCMMF59) | देवघर | | | | 0.000 | 0.00 | 1.20 | 1.20 | **64020** | प्रमंडल अंतर्गत 2 अदद सिंचाई योजना का वार्षिक सम्पोषण एवं नियोजित मौसमी मजदूरों के पारिश्रमिक का भुगतान |
| | | | | | | योग | **0.00** | **56.04** | **56.04** | | |

आवंटित राशि –₹ छप्पन लाख चार हजार मात्र।

(श्वेता कुमारी)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि॰)

(सुखदेव सिंह)
प्रधान सचिव